# श्री गोविन्दराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एंव विज्ञान संस्थान इन्दौर

**अत्यावश्यक–सूचना पत्र**

पोमेछा / 2025 / 1417 दिनांक 24 / 02 / 2025

**विषय :– मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना वर्ष 2024–25 जमा करने हेतु सूचना पत्र।**

संस्थान के समस्त विद्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश के पंजीकृत अंसगठित कर्मकारो की संतानो को निशुल्क उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये **मुख्यमंत्री जनकल्याण (शिक्षा प्रोत्साहन) योजना वर्ष 2024–25 लागू की गयी है, योजना की शर्ते निम्नानुसार है :–**

1 मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग में विद्यार्थीयो के माता / पिता का असंगठित कर्मकार के रूप में पंजीयन हो।

2 कोई भी विद्यार्थी जिसने जेईई मेन्स परीक्षा मे 1 लाख 50 हजार तक रैंक प्राप्त की है व किसी भी शासकीय अथवा अशासकीय इंजीनियंरिग कालेज में उपरोक्त आधार पर प्रवेश प्राप्त करता है तो

अ) शासकीय कालेज को देय शुल्क शासन द्वारा वहन किया जावेगा।

ब) प्रायवेट कालेज को देय शुल्क रूपये 1.5 लाख तक या वास्तविक रूप से देय शुल्क जो कम हो, राज्य शासन द्वारा वहन किया जावेगा।

3 विद्यार्थीयो द्वारा शैक्षणिक शुल्क की छूट / प्रतिपूर्ति हेतु medhavikalyan.mp.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर, यूजर आईडी एवं पास वर्ड प्राप्त करना होगा। यदि विद्यार्थी द्वारा विगत् वर्ष में इस योजना का लाभ लिया हो तो वे इस वर्ष भी नवीनीकरण अंतर्गत आवेदन कर सकते है।

4 डिप्लोमा के आधार पर द्वितीय वर्ष मे प्रवेश लेने पर विद्यार्थियो को इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त नही होगा।

5 विद्यार्थी पोर्टल पर लॉगिन कर योजना मे लाभ प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन करेगा।

6 विद्यार्थी को अपना आधार नम्बर एवं माता पिता का असंगठित कर्मकार का पंजीयनन कमांक आन लाईन आवेदन में भरना होगा।

7 आवेदन करते समय विद्यार्थी को अंहकारी परीक्षा की अंकसूची, प्रवेश परीक्षा की अंकसूची, शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क का विवरण एवं रसीद इत्यादि अपलोड करना होगा।आवेदन पत्र के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10 वी एवं 12 वी की अंकसूची , अलाटमेंट लेटर, प्रवेश पत्र एवं चालान की प्रतिलिपि, समग्र आय.डी, आधार कार्ड, बैक पासबुक की फोटोकापी एवं समस्त दस्तावेजो पर अपने हस्ताक्षर करे। यदि विगत् वर्ष में योजना का लाभ लिया हो तो नवीनीकरण आवेदन पत्र के साथ विगत वर्ष की उत्तीर्ण अंकसूची आवेदन पत्र के साथ संलग्न करे।

8 विद्यार्थी द्वारा ऑन लाईन भरा हुआ आवेदन, प्रिन्टकर मय दस्तावेजो के साथ संस्थान में जमा करना होगा।

**समस्त पात्र विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 05 / 03 / 2025 तक स्कालरशिप विभाग में जमा करें।**

निदेशक

प्रतिलिपि :–

1) समस्त नोटिस बोर्ड / होस्टल

2) संस्थान की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।